an>

Title: Need to establish a Girls Degree College in Gangapur city, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला सवाई माधोपुर का गंगापुर सिटी शहर आज पूरे राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। जबकि यह शहर माननीय प्रधान मंत्री जी की "अमृत योजना" के शहरों में शामिल है और इसकी आबादी करीब 1,50,000 है, परन्तु इस क्षेत्र में कन्या महाविद्यालय न होने के कारण आस-पास के लगभग 150 गाँवों की कन्याओं को इधर-उधर के कॉलेजों में अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण से कुछ छात्राएँ अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ देती हैं, जबकि राजस्थान प्रदेश की मुख्य मंत्री साहिबा स्वयं महिला हैं और माननीय प्रधान मंत्री जी की भी सोच है कि देश की हर कन्या शिक्षित हो और उसको शिक्षा से संबंधित विÂषय में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो।

अतः मैं माननीया मानव संसाधन विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी से मांग करता हूँ कि गंगापुर सिटी में एक महाविद्यालय खुलवाने की कृपा करें। अगर घर की महिला पढ़ी-लिखी होगी तो वह अपने परिवार को पढ़ा सकती है और अगर परिवार पढ़ेगा तो देश शिक्षित होगा।

HON. CHAIRPERSON: Shri Nanabhau Falgunrao Patole – not present.

Shri Raosaheb Patil Danve